नकली खाद का मामला

# प्राथमिकी दर्ज : जांच में कई कम्पनियों के खाली बैग मिले

▸ खाद बिक्री के लाइसेंस खत्म होने के बाद भी चल रहा था नकली खाद का कारोबार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 17 मई, किसानों के नाम पर बहुत कुछ करने वाली व्यवस्था के हाथ के नीचे नकली रसायन नकली बीच और नकली खाद के बाद एक बार फिर नकली उर्वरक ( खाद ) के अवैध कारोबार करने वाले के खिलाफ प्रशासन ने रविवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है.**

जांच दल को कार्यवाही के दौरान मृदा कल्प लश पोटाश डेराइव्स के 8 बैग बिना सिलाई के खुले मिले ।मौके पर लगभग 20 बैग खुला हुआ खाद का ढेर पाया गया। वहीं नामी कंपनियों के नाम पर धोखाधड़ी के संकेत देते हुए भारत डीएपी के 8 खाली बैग और भारत एनपीके 20:20:0:13 पीपीएल के 12 बैग खाली बरामद किए गए। जबकि केशरवानी ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर प्रिन्स गुप्ता मौके से फरार रहे.प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि केशरवानी ट्रेडर्स के उर्वरक लाइसेंस की वैधता पहले ही समाप्त हो चुकी थी।

वैधता खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से खाद का भंडारण और पैकिंग करना उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रिन्स गुप्ता के खिलाफ थाना रामनगर में एफआईआर दर्ज कराई गई है. प्रशासन ने क्षेत्र के सभी उर्वरक विक्रेताओं को सख्त लहजे में हिदायत दी है कि वे ई-विकास प्रणाली के नियमों के तहत ही खाद की बिक्री सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में किसी भी विक्रेता के पास कालाबाजारी, नकली खाद की मिक्सिंग या बिना लाइसेंस के व्यापार जैसी अनियमितता पाई जाती है, तो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### इसके पहले भी दर्ज हुई थी प्राथमिकी

किसानों के साथ हो रहे खेल और खिला?ियों को जानने के बावजूद खानापूर्ति के लिए कार्यवाही करने वाले प्रशासनिक तंत्र ने इसके पहले भी तीन एफ आई आर दर्ज कराई गई थी .10 अगस्त 24 को नकली खाद की बोरी बड़े पैमाने पर पक? जाने के बाद सिंधी कैम्प स्थित प्रेस संचालक के विरुद्ध कार्यवाही हुई थी पर हुआ कुछ नही .इसके बाद 20 जनवरी 25 में नकली पेस्टिसाइड की फैक्ट्री पक?ी गई कोई आरोपी नही मिला .इसके अलावा एक और मामला प्रकाश में आया था .उसके विरुद्ध भी कोई कार्यवाही नही हुई.

# छुट्टी पर आए जवान की सड़क हादसे में मौत

## राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 17 मई, भारतीय सेना में शामिल हुए रीवा जिले के एक युवा अग्निवीर की असमय मौत ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया.**

चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवस्ता चौकी के ग्राम पंचायत छिजवार निवासी भारतीय सेना के अग्निवीर जवान शिवम सिंह (22 वर्ष) का सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान निधन हो गया. जहां शनिवार की रात्रि उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, जहां हजारों लोगों ने नम आंखों से





अंतिम विदाई दी. सेना के जवानों ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद छोटे भाई ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया और देश का यह वीर सपूत पंचतत्व में विलीन हो गया. जानकारी के अनुसार, शिवम सिंह पिता रामबहोर सिंह करीब दो वर्ष पूर्व भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के तहत चयनित हुए थे. वर्तमान में वे चंडीगढ़ में अपनी सेवाएं दे रहे थे. कम उम्र में देश सेवा का जज्बा लेकर सेना में भर्ती हुए शिवम अपने अनुशासित स्वभाव, व्यवहार और कर्तव्यनिष्ठा के कारण गांव में अलग पहचान रखते थे. 11 मई को वे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, उपचार के दौरान मौत हो गई.

शनिवार को रात्रि में जब अग्निवीर जवान शिवम सिंह का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर गांव पहुंचा, तो अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. 'शिवम सिंह अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा. लोगों ने पुष्प अर्पित कर अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी. इसके बाद रविवार को जबलपुर से पहुंचे सेना के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली और श्मशान घाट पर सेना की टुकड़ी ने राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया.

# तेन्दूपत्ता तोड़ने गए बुजुर्ग पर सुअर ने बोला हमला

## गहिलरा गांव की घटना, उपचार जारी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 मई। जिले के ग्राम गहिलरा के जंगल में आज रविवार को तेन्दूपत्ता तोड़ने गए एक बुजुर्ग पर जंगली सूअर ने अचानक हमला कर दिया। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चल रहा है।**

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सूरूज लाल शाह उम्र लगभग 60 वर्ष पिता जुगुल शाह



जंगल में तेन्दूपत्ता तोड़ते वक्त अचानक जंगली सूअर ने हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। गंभीर स्थिति के कारण चिकित्सको ने उन्हें बैढ़न ट्रॉमा सेंटर के लिए रिफर कर दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

चितरंगी 17 मई। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम महुगढ़ी निवासी एक 36 वर्ष का युवक आज दोपहर अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार ग्राम महुगढ़ी निवासी संदीप कहार पिता प्रेमलाल कहार उम्र 36 वर्ष आज दोपहर करीब 2 बजे शराब पिया था, उसी दौरान उसे उल्टी होने लगी। संदीप की पत्नी पन्नू देवी ने उल्टी होने का कारण पूछा तो संदीप ने जहर सेवन करने का बात बताया। तत्काल चितरंगी अस्पताल ले जाया गया, जहां अपहान्य 3 :30 बजे मौत हो गई। जहर सेवन करने का कारण अज्ञात है, पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



# बाइक की टक्कर से तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रहे युवक की मौत

## पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 17 मई, नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत लालगंज मोड़ के पास रविवार सुबह करीब 11 बजे दर्दनाक सड़क हादसे में एक साइकिल सवार युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा नईगढ़ी-मऊगंज मार्ग पर हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक और साइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई.**

जानकारी के अनुसार डिहिया गांव निवासी 19 वर्षीय सुभाष कुमार साकेत उर्फ नीलू जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर साइकिल से घर लौट रहा था. इसी दौरान लालगंज मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दूर जा गिरा और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई. हादसे में बाइक पर सवार दंपती भी गंभीर रूप से घायल हो गए. मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को नईगढ़ी अस्पताल पहुंचवाया. चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद सुभाष को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक चालक रहीश साहू 22 वर्ष निवासी महसांव और उनकी पत्नी प्रीति साहू 21 वर्ष की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया.

### अष्टभुजी माता के पास हुआ हादसा

बताया गया कि रहीश साहू अपनी पत्नी के साथ हिनौती गांव स्थित ससुराल से अष्टभुजी माता दर्शन के लिए जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया. घटना की सूचना मिलते ही नईगढ़ी थाना प्रभारी ऋषि कुमार द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की.

# पेट्रोल डालकर ऑटो में आग लगाने का आरोप

▸ फरियादी की रिपोर्ट पर नवानगर थाना में अपराध पंजीबद्ध

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 मई। नवानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत माजन मोड़ इलाके में देर रात खड़े ऑटो में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।**

आरोप है कि कुछ बातों को लेकर ऑटो चालक ने युवक को घर के सामने आने से मना किया था, इसी के चलते युवक ने देख लेने की धमकी दिया था। पुलिस से मिली



जानकारी के अनुसार माजन मोड़ निवासी फरियादी बद्रीनाथ सोनी पिता स्व. ओमकारनाथ सोनी उम्र 50 वर्ष ने नवानगर थाना में रिपोर्ट किया है कि बेलौहा टोला निवासी आकाश साहू पिता अशोक शाह पिछले कई दिनों से घर के पास आया करता था। जिसपर तरह-तरह के संदेह उठ रहे थे। आकाश को घर के पास आने से मना किया, जहां बीते दिन 16 मई की रात करीब 11 बजे फिर से आया और फरियादी को देख लेने की धमकी देकर चला गया। रात करीब 2 बजे फरियादी पेशाब करने के लिए उठा था, देखा कि घर के सामने खड़ी ऑटो वाहन क्रमांक एमपी 17 जेडजे 5384 धू-धूकर जल रही है। इसी दौरान आकाश मोटरसाइकिल से भाग गया। फरियादी के अनुसार ऑटो वाहन में आकाश ने ही आग लगाई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 326(एफ) के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुये आरोपी के तलाश में जुट गई है।


# ओपी द्विवेदी का निधन

## अंतिम संस्कार आज होगा

**नवभारत न्यूज**

**सतना 17 मई,वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश द्विवेदी ( ओ.पी. द्विवेदी ) का आकस्मिक निधन शनिवार को हो गया है। उनके निधन से पत्रकारिता जगत और स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर है।**

शोक संतप्त परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, दिवंगत श्री द्विवेदी की अंतिम यात्रा और



अंत्येष्टि सोमवार को प्रात: 10 बजे निज निवास कामता टोला केदार पटिया वाले के सामने से मुक्तिधाम नजीराबाद, सतना के लिए उनके निज निवास से प्रस्थान करेगी।

# जनगणना कार्य की प्रगति 1 दिन में 49 प्रतिशत पर पहुंची

## शहर की जनगणना कार्य ने गति पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सतना 17 मई, भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में संचालित मकान सूचीकरण कार्य अब गति पकड़ता नजर आने लगा है है।**

एक दिन पूर्व तक जहां कार्य प्रगति लगभग 35 प्रतिशत थी, वहीं निगम प्रशासन, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के समन्वित प्रयासों से मात्र एक दिन में यह बढ़कर लगभग 49 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

जनगणना कार्य में आई इस तेज प्रगति को नगर निगम प्रशासन की प्रभावी कार्ययोजना, सतत मॉनिटरिंग एवं प्रगणकों की मेहनत का परिणाम माना जा रहा है। शत-प्रतिशत लक्ष्य समय से पूर्व प्राप्त करने हेतु अतिरिक्त टीम व्यवस्था एवं विशेष सहयोग भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

आयुक्त नगर पालिक निगम सतना एवं प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का आधार है तथा नगर निगम सतना समय से पूर्व गुणवत्तापूर्ण एवं सटीक मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# सड़क किनारे खड़ी ऑटों को कार चालक ने मारी टक्कर

▸ मेडिकल कॉलेज के दो छात्राएं एवं ऑटो चालक घायल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 17 मई। कोतवाली बैढ़न के समीपी आज रविवार की शाम सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए।**

कलेक्ट्रेट के पास कृषि उपज मंडी के सामने एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में दो छात्राएं और ऑटो चालक घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार घायल छात्राएं डिप्लोमा कॉलेज पचौर की बताई जा रही हैं। जिसमें स्तुति द्विवेदी निवासी बहरी-सीधी और दीपांजलि साकेत निवासी सोलंग मोड-गोरबी बताई जा रही है। वे बैढ़न सिलेंडर भरवाने आई थीं और उनका ऑटो मंडी के सामने खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आई कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार तेज रफ्तार में थी और चालक



वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान कार के एयरबैग भी खुल गए। इस दुर्घटना में ऑटो चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं।

तीनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कार लापरवाही से चलाई जा रही थी। लोगों ने बताया कि कार में हूटर भी लगा हुआ था। वहीं यह चर्चा भी सामने आई कि कार एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष की बताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। घटना की सूचना मिलने पर बैढ़न थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है और वाहन चालक के खिलाफ आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।




# स्विफ्ट कार से 152 लीटर देशी-विदेशी शराब जब्त

## बरगवां पुलिस कार को जब्त कर फरार चालक एवं आरोपी की तलाश में जुटी

**नवभारत न्यूज**

**बरगवां 17 मई। जिले के बरगवां थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 152.4 लीटर शराब और एक स्विफ्ट डिजायर कार जप्त की है। मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 336( 2 ), 340( 2 ) बीएनएस एवं 34( 2 ) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।**

### कार के आगे-पीछे का अलग-अलग नम्बर

जांच में कार से रॉयल स्टेग बैरेल व्हिस्की की 46 बोतलें कुल 34.5 लीटर कीमत 50 हजार 600 रुपये तथा आफ्टर डार्क ब्लू व्हिस्की के 655 पाउच कुल 117.9 लीटर कीमत 1 लाख 31 हजार रुपये बरामद किए गए। जप्त शराब की कुल मात्रा 152.4 लीटर और कीमत 1 लाख 81 हजार 600 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने करीब 10 लाख रुपये कीमत की स्विफ्ट डिजायर कार भी जप्त की है। जांच के दौरान पुलिस को कार में अलग-अलग नंबर प्लेट भी मिलीं। वाहन में आगे-पीछे यूपी 32 जेएल 0317 नंबर अंकित था, जबकि कार के अंदर अन्य नंबर प्लेट भी बरामद हुईं। पुलिस के मुताबिक आरोपी चालक ने फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन का उपयोग किया था। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि देवसर की ओर से ग्रे रंग की मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक यूपी 32जेएल 0317 में भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर बरगवां की ओर आ रही है। सूचना पर पुलिस टीम रवाना हुई। इसी दौरान जानकारी मिली कि संदिग्ध कार ग्राम ओड़गड़ी के पास पलट गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो कार के अंदर और सड़क पर भारी मात्रा में शराब बिखरी मिली। वहीं कुल जप्त देशी-विदेशी शराब की मात्रा 152 लीटर से ज्यादा थी। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मो.समीर, एसआई वीरेन्द्र त्रिपाठी, प्रआर फूल सिंह, संजय यादव, अनूप मिश्रा, नंदकिशोर बागरी, आर अरविन्द यादव, शिवराज तोमर, औरीष गुर्जर एवं प्रतीक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### युवा संगम रोजगार मेला 20 को आईटीआई सतना में

**सतना 17 मई,** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 20 मई 2026 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

# कामतानाथ दर्शन करने आए श्रद्धालु की बोलेरो चोरी

## चित्रकूट थाने में दर्ज कराई शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**सतना 17 मई, कामतानाथ दर्शन एवं परिक्रमा करने आए एक श्रद्धालु की बोलेरो कार अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना चित्रकूट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतेहपुर जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनीपुर सेमरिया निवासी अभिषेक




कुमार अपने साथी रामगोपाल निषाद के साथ शुक्रवार को बोलेरो वाहन से कामतानाथ दर्शन एवं परिक्रमा करने चित्रकूट आए थे। श्रद्धालुओं ने अपनी बोलेरो को कामतानाथ द्वितीय मुख्य द्वार के पास स्थित सुलभ पार्किंग में खड़ी की थी। बताया गया कि दोनों श्रद्धालु करीब 2 बजे दर्शन एवं परिक्रमा के लिए गए थे। शाम लगभग 4 बजे वापस लौटने पर देखा कि पार्किंग स्थल से उनकी बोलेरो कार गायब थी। काफी तलाश के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने घटना की सूचना थाना चित्रकूट में दी, जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक कमलेश्वर पांडे को सौंपी गई है।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99